हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, बुधवार, 10 सितंबर 2025




# अमरावती रोड फ्लाईओवर का कार्य अंतिम चरण में

## ज्ञानयोगी डॉ. श्रीकांत जिचकार के नाम पर उद्घाटन

**नागपुर.**

नागपुर शहर की व्यस्त सड़कों में से एक अमरावती रोड पर बन रहा फ्लाईओवर अब निर्माण के अंतिम चरण में पहुंच चुका है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने फ्लाईओवर के नामकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली है और यह अब "ज्ञानयोगी डॉ. श्रीकांत जिचकार फ्लाईओवर" के नाम से जाना जाएगा। जल्द ही इसका औपचारिक उद्घाटन प्रस्तावित है, जिसे सितंबर माह के अंत तक आयोजित किए जाने की संभावना है। इस फ्लाईओवर परियोजना की घोषणा वर्ष 2021 में हुई थी। इसके निर्माण कार्य का भूमिपूजन 5 मार्च 2022 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा किया गया था। यह फ्लाईओवर




अमरावती रोड ट्रैफिक इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट (आरटीप) का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कई आधारभूत परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। इस संपूर्ण प्रोजेक्ट पर लगभग 478 करोड़ रुपये की लागत आ रही है, जिनमें से अमरावती रोड फ्लाईओवर (आरटीओ सेक्शन) की लागत 245 करोड़ रुपये बताई गई है।

**निर्माण में आई देरी :** फ्लाईओवर निर्माण को मार्च 2024 तक पूर्ण किया जाना था, लेकिन तकनीकी व प्रशासनिक कारणों से कार्य में करीब डेढ़ वर्ष की देरी हुई। वर्तमान में फ्लाईओवर का संरचनात्मक निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि अंतिम चरण में सड़क चिन्ह, पेंटिंग, रंब्लर स्ट्रिप्स, साइन बोर्ड, फुटपाथ, ड्रेनेज और रिटेनिंग वॉल जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

**वाड़ी एंड से लेकर बोले पेट्रोल पंप तक निर्माण प्रगति पर :** फ्लाईओवर के वाड़ी पॉइंट (वाड़ी पॉइंट) का काम पूर्ण हो चुका है और यातायात हेतु तैयार है, जबकि बोले पेट्रोल पंप के निकटवर्ती हिस्से पर कार्य तीव्र गति से जारी है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार, सितंबर के अंत तक समस्त कार्य पूर्ण कर उद्घाटन किया जा सकता है।

**ज्ञानयोगी डॉ. श्रीकांत जिचकार को दी गई श्रद्धांजलि :** फ्लाईओवर का नामकरण डॉ. श्रीकांत जिचकार के सम्मान में किया गया है, जो भारत के सबसे पढ़े-लिखे व्यक्तियों में गिने जाते थे। वे पूर्व सांसद, समाजसेवी, शिक्षाविद् और विचारक रहे हैं। उनके नाम पर फ्लाईओवर का नामकरण नागपुर शहर के लिए गौरवपूर्ण निर्णय माना जा रहा है। पीडब्ल्यूडी ने फ्लाईओवर पर नामपट्ट (नेम प्लेट) भी स्थापित कर दिये हैं।

**नागपुर की ट्रैफिक व्यवस्था को मिलेगा लाभ :** फ्लाईओवर के निर्माण से अमरावती रोड पर प्रतिदिन गुजरने वाले हजारों वाहनों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। यह फ्लाईओवर शहर के पश्चिमी हिस्से को मुख्य नागपुर शहर से जोड़ने में तेज़ और सुरक्षित संपर्क मार्ग साबित होगा।

# कॉटन मार्केट चौक पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर हमला

नशे में धुत कार चालक गिरफ्तार

नागपुर. गणेशपेठ थाना क्षेत्र के कॉटन मार्केट चौक पर बीती रात ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर हमला करने की चौंकाने वाली घटना सामने आई। नशे की हालत में कार चला रहे आरोपी ने पुलिसकर्मी को रोकने पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घटना रविवार की देर रात करीब दो बजे की है। ट्रैफिक ब्रांच में तैनात पुलिसकर्मी विजय यादव अपने स्टाफ के साथ "ऑपरेशन यू-टर्न" के तहत शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान स्विफ्ट डिज़ायर कार (क्रमांक एमएच/31/एफए/3379) तेज रफ्तार से कॉटन मार्केट की ओर से आई। संदेह होने पर पुलिसकर्मी ने चालक को रोकने का इशारा किया। कार चालक के न रुकने पर पुलिसकर्मी यादव ने इग्निशन बंद करने के लिए हाथ भीतर डाला। तभी आरोपी ने धारदार वस्तु से उनके बाएं हाथ पर वार कर दिया। घायल



होने के बावजूद यादव को आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और कार का शीशा चढ़ाकर भागने की कोशिश की। मौके पर मौजूद पुलिस दल ने पीछा किया तो आरोपी दोबारा यू-टर्न लेकर लौटा और फिर से धमकियां देने लगा। बाद में उसे काबू में किया गया।

आरोपी की पहचान शोभित प्रभाकर मेश्राम (45), निवासी गोपाल नगर के रूप में हुई है। वह एक निजी कंपनी में कलेक्शन एजेंट है। बताया जा रहा है कि उसने खुद को शहर के एक बड़े मंत्री का कार्यकर्ता बताते हुए पुलिसकर्मी की वर्दी उतरवाने की भी धमकी दी। घायल पुलिसकर्मी को मेयो अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच में स्पष्ट हुआ कि आरोपी ने शराब का सेवन किया था। गणेशपेठ पुलिस ने उसके खिलाफ सरकारी काम में बाधा, गाली-गलौज, धमकी देने और शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में मामला दर्ज किया और गिरफ्तार किया। इस घटना से पुलिसकर्मियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

# नागपुर में डिवाइडर से टकराई संदिग्ध कार

**नागपुर.**

वर्धा मार्ग पर राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी महाविद्यालय के सामने रविवार की शाम सात बजे के करीब भीषण सड़क हादसा हुआ। भीड़भाड़ वाले इलाके में कार सीधे डिवाइडर से जा टकराई। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ। लेकिन इस हादसे ने नया मोड़ ले लिया, क्योंकि दुर्घटनाग्रस्त कार हरियाणा राज्य की थी और उस पर पुलिस की नंबर प्लेट लगी हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चालक नशे में था। साथ ही, कार कथित रूप से एक केंद्रीय एजेंसी से जुड़े अधिकारी की बताई जा रही है। बजाजनगर थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अजय मानकर ने दावा किया कि कार अचानक कुत्ता आ जाने से दुर्घटनाग्रस्त हुई। लेकिन कार किसकी है, इस पर उन्होंने चुप्पी साध ली। वहीं, परिमंडल-1 के डीसीपी सिंगा रेड्डी ऋषिकेश रेड्डी से संपर्क करने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। पुलिस की चुप्पी और प्रत्यक्षदर्शियों की गवाही में अंतर के चलते पूरे मामले पर सवाल उठ रहे हैं।

**एक और हादसा : नशे में धुत चालक ने गिराया खंभा :** इधर, रविवार देर रात डेढ़ बजे खापरी पुलिस चौकी के सामने एक और भीषण हादसा हुआ। बुटीबोरी की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार चालक मयूर चंदन ताकसांडे (30) ने डिवाइडर से टकराते हुए सड़क किनारे लगे खंभे को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि खंभे का सीमेंट का बेस भी उखड़ गया और पूरा खंभा सड़क पर गिर पड़ा। सौभाग्य से सामने से कोई वाहन नहीं आ रहा था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

# खंडहर में मिला 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव

## जांच में जुटी पुलिस

**नागपुर.** इमामवाड़ा थाना क्षेत्र में स्थित टी.बी. वार्ड क्रमांक 42 और 44 के बीच की खंडहरनुमा जमीन से बीती शाम एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने बदबू आने पर इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने करीब 50 वर्षीय अज्ञात मृतक का शव खंडहर में पाया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मृतक अक्सर इलाके में लावारिस हालत में घूमता दिखाई देता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल हॉस्पिटल भेज दिया है। सुरक्षा रक्षक पवन धनराज राऊत की शिकायत पर इमामवाड़ा थाने में आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

# 17 वर्षीय किशोर ने नाबालिग से किया दुष्कर्म

## > गर्भवती होने के बाद हुआ खुलासा

**नागपुर.**

शहर में रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है, जहां एक 17 वर्षीय किशोर ने अपनी ही 15 वर्षीय परिचित नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया, जिसके बाद वह गर्भवती हो गई। यह घटना पुरानी कामठी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी और पीड़ित दोनों की पहले से जान-पहचान थी और वे अक्सर साथ खेलते थे। 26 मई को आरोपी किशोर नाबालिग को अपने घर ले गया और वहां उससे जबरन शारीरिक संबंध बनाए। लोकलाज के डर से नाबालिग ने यह बात किसी को नहीं बताई।

लेकिन कुछ दिनों बाद नाबालिग



के पेट में दर्द होने लगा, जिसके बाद उसके परिजनों ने उसे डॉक्टर को दिखाया। जांच में पता चला कि नाबालिग दो महीने की गर्भवती है। इस चौंकाने वाले खुलासे के बाद अस्पताल ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। इसके बाद, हिंगना पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए, जांच पुरानी कामठी पुलिस को सौंप दी गई है। पुलिस ने आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# बाइक सवार पर बीच सड़क में ईंट से हमला

**नागपुर.**

हुड़केश्वर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति पर बीच सड़क में जानलेवा हमला कर दिया गया। आरोपियों ने बाइक सवार को रोककर ईंट से सिर पर वार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जानकारी के अनुसार, शत्रुघ्न परमार (54), तरोडी निवासी, अपने रिश्तेदार के हल्दी समारोह में शामिल होकर शनिवार देर रात घर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी बेटी का ससुर किसन भगवानदास सोलंकी (57) और उसका दामाद मंगल, प्राइड बार (हुडकेश्वर) के पास उनका इंतजार कर रहे थे। जैसे ही परमार वहां पहुंचे, दोनों ने उन्हें रोक लिया। गालियां देते हुए मंगल ने परमार को पीछे से पकड़ लिया जबकि सोलंकी ने ईंट से सिर पर वार कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और घायल परमार को अस्पताल पहुंचाया गया। हुड़केश्वर पुलिस ने आरोपियों सोलंकी और मंगल के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# 14 करोड़ की जमीन पर डमी ग्राहक खड़ा कर किया कब्जा

## चर्चित दिलीप ग्वालवंशी सहित कई पर मामला दर्ज

**नागपुर.**

शहर में जमीन कब्जे का सनसनीखेज मामला उजागर हुआ है। चर्चित दिलीप शिवदास ग्वालवंशी ने साथियों की मदद से डमी व्यक्ति खड़ा कर 14 करोड़ की जमीन पर कब्जा कर लिया। इस मामले में प्रतापनगर पुलिस ने ग्वालवंशी सहित कई आरोपियों पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, गणेशपेठ निवासी प्रमिला गायकवाड़ के पिता शंकर जाधव के नाम पर गोरेवाड़ा में 6.72 एकड़ जमीन है। ग्वालवंशी ने प्रमिला के भाई दिनेश गायकवाड़ की मदद से यह ठगी की। आरोप है कि शंकर जाधव के स्थान पर आरोपी रवींद्र तिड़के को खड़ा किया गया और उसे ही शंकर जाधव बताकर नगरसेवक के लेटरहेड पर फर्जी प्रमाणपत्र बनाया गया। इस दस्तावेज को आम मुखत्यार पत्र और बिक्री पत्र में जोड़कर ग्वालवंशी ने 2014 में जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली और बाद में दस्तावेजों में भी खुद का नाम दर्ज करा लिया। आरोपियों में दिलीप ग्वालवंशी के साथ काझी निसारउद्दीन, खालीद नसीर अहमद अंसारी, प्रदीप गायकवाड़, दिनेश गायकवाड़ और रवींद्र तिड़के शामिल हैं। सच्चाई सामने आने पर प्रमिला गायकवाड़ ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने आर्थिक अपराध शाखा का दरवाजा खटखटाया। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया गया है। दिलीप ग्वालवंशी के खिलाफ जमीन कब्जाने सहित कई आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं और हाल ही में वह जमानत पर जेल से बाहर आया है।

# डब्ल्यूसीएल यूनियन सदस्यता सत्यापन

## > एचएमएस लगातार पांचवें साल अव्वल, बीएमएस को बड़ा झटका

**नागपुर.**

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) में हुए यूनियन सदस्यता सत्यापन 2025 के नतीजे सामने आ गए हैं। इस बार भी हिंद मजदूर सभा (एचएमएस) ने अपना दबदबा कायम रखते हुए लगातार पांचवें वर्ष शीर्ष स्थान हासिल किया है। एचएमएस को कुल 10,699 कर्मचारियों का समर्थन मिला, जबकि भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) को 9,056 सदस्य ही मिल सके। इस तरह एचएमएस ने 1,643 सदस्यों की रिकॉर्ड बढ़त दर्ज की है।

**एचएमएस की एकतरफा बढ़त, अन्य यूनियनें पीछे :** सदस्यता सत्यापन में अन्य यूनियनों को पिछड़ना पड़ा। एटक को 5,998. इंटक को 2,776 कर्मचारियों का




समर्थन मिला। इस वर्ष कुल 29,676 कामगारों में से 28,529 कर्मचारियों ने सदस्यता सत्यापन में भाग लिया, जो कि कुल कर्मचारियों का लगभग 96% है।

**शिव कुमार यादव के नेतृत्व में एचएमएस की मजबूती :** एचएमएस की इस निरंतर सफलता का श्रेय संगठन के मजबूत नेतृत्व को दिया जा रहा है। एचएमएस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोल वर्कर्स यूनियन (कोयला श्रमिक सभा) के केंद्रीय अध्यक्ष शिव कुमार यादव के नेतृत्व में संगठन ने लगातार पांच वर्षों तक वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी है।

**संगठनात्मक मजबूती और भरोसे की जीत :** जानकारों के मुताबिक, एचएमएस की यह सफलता उनके जमीनी कार्य, कर्मचारियों से संपर्क और लगातार की जा रही श्रमिक हितों की पैरवी का परिणाम है। वहीं बीएमएस के लिए यह हार एक राजनीतिक और संगठनात्मक झटका मानी जा रही है। इस सदस्यता सत्यापन के नतीजे से आगामी संयुक्त सलाहकार बोर्ड (जीसीसी) और अन्य औद्योगिक वार्ताओं में एचएमएस की भागीदारी और प्रभाव पहले से अधिक मजबूत होगा।

# गली में कुत्तों को खाना खिलाने पर महिला से अश्लील हरकत

**नागपुर.** गणेशपेठ थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। गणेश पेठ थाना परिसर में रहने वाली एक 37 वर्षीय महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि मोहल्ले के कुछ लोगों ने उनके साथ अश्लील हरकत की और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के अनुसार, पीड़िता अपने घर के गेट के पास खड़ी थी। उसी दौरान आरोपी संजय तिवसकर (55) ने गली के कुत्तों को खाना खिलाने को लेकर महिला से विवाद किया और अश्लील गाली-गलौज करते हुए अश्लील हरकत की। इससे महिला मानसिक रूप से आहत हुई। इसी दौरान आरोपी साहिल तिवसकर (25), तुकाराम किनेकर (50) और अनिकेत किनेकर (22) ने भी पीड़िता की मां को गालियां दीं और घर के सामने रखी लकड़ी की कुंडी तोड़ दी।

# सदर मुस्लिम लाइब्रेरी में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन

**नागपुर.**

8 सितंबर को सदर मुस्लिम लाइब्रेरी, नागपुर में बड़े उत्साह के साथ अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षाविद, शिक्षक और समाज के सदस्य एकत्रित हुए, ताकि साक्षरता की भूमिका को उजागर किया जा सके, जो एक प्रगतिशील और शिक्षित समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की शुरुआत माननीय अतिथियों का स्वागत करके हुई। इसके पश्चात जॉइंट सेक्रेटरी शेख अब्दुल वहीद ने अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के महत्व को बताया। उन्होंने समझाया कि साक्षरता केवल पढ़ने-लिखने की क्षमता ही नहीं है, बल्कि यह आजीवन सीखने, सशक्तिकरण और सामाजिक विकास की आधारशिला है।

कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं। सैयद अशरफ अली, सेवानिवृत्त व्याख्याता,




एम.ए.के. आजाद कनिष्ठ महाविद्यालय ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा, "साक्षरता किसी भी राष्ट्र की सच्ची संपत्ति है" । और युवाओं से समाज में ज्ञान व जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी उठाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी सीखने के मंदिर हैं, जिन्हें आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना समाज की जिम्मेदारी है। साथ ही सैयद मुजमिल, ताज बाबा नाइट स्कूल के प्राचार्य ने वयस्क साक्षरता के महत्व और उन लोगों के लिए नाइट स्कूल की भूमिका पर प्रकाश डाला, जिन्हें बचपन में शिक्षा का अवसर नहीं मिला।

# गणेशोत्सव के दौरान 2002 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया

## > शहर के 70 गणेशोत्सव मंडलों की पहल, ईद के मौके पर भी रक्तदान

**नागपुर.**

नागपुर महानगरपालिका के अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में शहर के गणेशोत्सव मंडलों ने सार्वजनिक गणेशोत्सव के दौरान रक्तदान शिविर आयोजित करने की महानगरपालिका स्वास्थ्य विभाग की अपील का पालन किया। महानगरपालिका की अपील पर अमल करते हुए शहर के 70 गणेशोत्सव मंडलों ने रक्तदान शिविर आयोजित करने की पहल की। इसके अलावा, मंगलवार को ईद के अवसर पर भी ज़ोन के अंतर्गत रक्तदान किया गया। महानगरपालिका मुख्यालय सहित सभी सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों में आयोजित रक्तदान शिविरों से कुल 2002 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। नागपुर महानगरपालिका



के अमृत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों द्वारा की गई पहल के लिए मनपा आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी और अतिरिक्त आयुक्त वसुमना पंत ने मंडलों को बधाई दी और मनपा की ओर से आभार भी व्यक्त किया। मनपा चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपक सेलोकर के मार्गदर्शन और अतिरिक्त चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेंद्र बहिरवार के नेतृत्व में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मनपा पैनल में ब्लड बैंकों , सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल , इंदिरा गांधी सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल , डागा स्थित ब्लड बैंकों और शहर के अन्य निजी ब्लड बैंकों के माध्यम से जोन स्तर पर सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया।

नगर निगम द्वारा विभिन्न गणेशोत्सव मंडलों में आयोजित रक्तदान शिविरों को ज़बरदस्त प्रतिसाद मिला। मंगलवार को अंचल के गणेशोत्सव मंडलों के साथ-साथ ईद के अवसर पर आयोजित 8 रक्तदान शिविरों से सर्वाधिक 1008 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस उपलब्धि के लिए अंचल के जोनल चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतीक उर रहमान खान और उनके नेतृत्व में कार्यरत सभी चिकित्सा अधिकारियों को बधाई। नगर पालिका की ओर से विशेष बधाई दी गई है ।



# रमानगर उड़ान पुल का जल्द हो लोकार्पण अन्यथा आंदोलन: एड. सुलेखा कुंभारे

**कामठी.**



विश्वविख्यात ड्रॅगन पॅलेस टेम्पल तक पहुंचने के लिए धम्मचक्र प्रवर्तन दिन से पहले रमानगर रेलवे उडान पुल को यातायात के लिए खोलना चाहिए। यह मांग बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच की अध्यक्ष, पूर्व राज्यमंत्री ॲड. सुलेखा कुंभारे ने की है। उन्होंने कहा कि अगर पुल का काम समय पर पूरा नहीं हुआ, तो मंच द्वारा तीव्र आंदोलन किया जाएगा।

हर साल, धम्मचक्र प्रवर्तन दिन के अवसर पर दीक्षाभूमि से ड्रैगन पॅलेस टेम्पल तक लाखों अनुयायी दर्शन के लिए आते हैं। ये सभी लोग बसों, कारों और अन्य वाहनों से यात्रा करते हैं। वर्तमान में, कामठी से ड्रैगन पॅलेस तक जाने के लिए बना अंडरपास बड़े वाहनों, जैसे बसों के लिए उपयुक्त नहीं है। इसके अलावा, मेट्रो के काम के कारण कामठी का मुख्य मार्ग भी एकतरफा कर दिया गया है, जिससे यातायात में भारी बाधा आ रही है। ॲड. कुंभारे ने बताया कि जयस्तंभ चौक से रमानगर रेलवे मार्ग पर बनने वाला रेलवे ओवर ब्रिज (आर.ओ.बी.) पिछले सात सालों से रुका हुआ है। इस वजह से यह मार्ग भी बसों के लिए अनुपयोगी हो गया है। बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच ने इस संबंध में केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी को एक ज्ञापन भी सौंपा था। इसके बाद, नितिन गडकरी ने 12 जुलाई को संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक की और निर्देश दिए थे कि पुल का काम करने वाली एजेंसी की जांच की जाए और उन पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा था कि पुल का काम धम्मचक्र प्रवर्तन दिन से पहले पूरा करके उसका लोकार्पण किया जाएगा।

इस साल धम्मचक्र प्रवर्तन दिन 2 अक्टूबर को है। ॲड. कुंभारे ने प्रशासन से अपील की है कि लाखों अनुयायियों की सुविधा को देखते हुए, रमानगर रेलवे उडान पुल का निर्माण जल्द से जल्द पूरा किया जाए और इसे 25 सितंबर तक यातायात के लिए खोल दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि ऐसा नहीं हुआ, तो बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच द्वारा तीव्र आंदोलन किया जाएगा।

# वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा ने बिल्लरवान परिवार को दी सांत्वना

**कामठी.**




अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल राजा ने आज कामठी पहुंचकर वाल्मीकि समाज के नेता दिनेश बिल्लरवान और पूर्व नगर सेविका सुनीता बिल्लरवान के परिवार से मुलाकात की और उनके भतीजे सचिन बिल्लरवान के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। सचिन बिल्लरवान का हाल ही में निधन हो गया था। सचिन बिल्लरवान, जो कामठी नगर परिषद के स्वास्थ्य विभाग में जमादार थे, ने कम उम्र में ही एक निष्ठावान कर्मचारी के रूप में अपनी पहचान बना ली थी। उनके निधन से वाल्मीकि समाज के साथ-साथ अन्य धर्मों और समाजों के परिवारों में भी शोक की लहर है। इस दुख की घड़ी में, राजस्व मंत्री और पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने भी फोन पर बिल्लरवान परिवार से बात कर उन्हें सांत्वना दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल राजा ने बिल्लरवान परिवार के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान उनके साथ राष्ट्रीय कार्यालय सचिव नरेंद्र राजा, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष रवि करोसिया, प्रदेश उपाध्यक्ष राजु परदेसी, नागपुर जिला अध्यक्ष दीपक परदेसी, और अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद थे। राजा के आगमन पर, नितिन बिल्लरवान, रोहित बिल्लरवान, रोहन बिल्लरवान, ऋषभ भवते, और कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनका आभार व्यक्त किया। परिवार को सांत्वना देने के बाद, रामगोपाल राजा राजस्थान के लिए रवाना हो गए।

# शहर में भारी वाहनों की नो एंट्री से उद्योग-ट्रांसपोर्ट प्रभावित

## > ट्रांसपोर्टर्स व एमआईए पदाधिकारियों की बैठक

**वाडी.**



शहर के विकास को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक विभाग ने एक नया आदेश पारित किया है, जिसके तहत अब सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक सभी तरह के भारी वाहनों के नागपुर शहर में प्रवेश पर रोक (नो एंट्री) रहेगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर 10 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। इसी संदर्भ में वाड़ी, वड़धामना के सभी ट्रांसपोर्टर्स व एमआईडीसी हिंगना इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एमआईए) के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस आदेश के असर और समस्याओं पर गहन चर्चा हुई।सर्वसम्मति से सभी ने माना कि शहर के विकास के लिए यह कदम आवश्यक है, लेकिन इस आदेश का सीधा असर एमआईडीसी हिंगना के उद्योग व ट्रांसपोर्ट कारोबार पर पड़ेगा। चूंकि एमआईडीसी हिंगना अमरावती रोड किनारे शहर की सीमा के भीतर स्थित है, इसलिए यहां आने-जाने वाले वाहनों को वाडी टी-पॉइंट से छूट मिलनी चाहिए। साथ ही सुझाव दिया गया कि वाडी टी-पॉइंट या दाभा के पास चेक पॉइंट स्थापित किया जाए ताकि जो वाहन नए रिंग रोड का टोल टैक्स बचाने के लिए शहर में घुसते हैं, उन्हें वहीं रोका जा सके।बैठक में यह मुद्दा भी उठा कि एमआईडीसी हिंगना में कई कंपनियों के अलग-अलग यूनिट्स हैं। ऐसे में लोडिंग-अनलोडिंग के लिए फैक्ट्रियों के बीच गाड़ियों का आना-जाना जरुरी है। यदि पूरे दिन गाड़ियां नहीं चल सकेंगी तो उत्पादन व आपूर्ति दोनों प्रभावित होंगे।साथ ही गोंड़खैरी में बने चेक पॉइंट पर ड्राइवरों के लिए पार्किंग, भोजन या शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक लगभग 500 वाहनों को हाईवे किनारे खड़ा करना पड़ेगा, जिससे ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाएगी।

अतः एमआईए और ट्रांसपोर्टर्स ने निर्णय लिया कि जल्द ही वे उच्च अधिकारियों से मिलकर वास्तविक स्थिति से अवगत कराएंगे और आदेश पर पुनर्विचार करने की मांग रखेंगे।बैठक में एमआईए अध्यक्ष मोहन जी सहित ट्रांसपोर्ट क्षेत्र से किताब सिंह, महेंद्र शर्मा, सुशील शर्मा, विमलेश सिंह, मनोज सिंह, अखिलेश सिंह, राकेश अग्रवाल, नरेंद्र मिश्रा, नवीन शर्मा, वीरेंद्र मोर, आशीष पांडेय, अभय पटेल समेत कई उद्यमी व व्यवसायी उपस्थित रहे।

# भीलगांव में 7 से 15 नवंबर तक होगा भव्य श्रीरामकथा का आयोजन

**कामठी.**



भीलगांव में 7 से 15 नवंबर तक मानस गंगा नवदिवसीय संगीतमय श्रीरामकथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस विशाल कार्यक्रम की तैयारियों के लिए नैवेधम सेलिब्रेशन में एक विचार संगोष्ठी और मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस बैठक में वेदानंद मिश्रा और एस.के. सनी की देखरेख में श्रीरामकथा समिति का गठन किया गया। नवगठित समिति में खोजेंद्र माकडे को अध्यक्ष, स्वप्निल भन्नारे को उपाध्यक्ष, मुकुंदा जीभकाटे को कार्याध्यक्ष और दलीप माथुर को सचिव चुना गया। इसके अलावा, डॉ. हरीश धनोरे को कोषाध्यक्ष और सुमन सिंह को सहकोषाध्यक्ष बनाया गया। सलाहकार समिति में होलूलाल पटेल, एस.के. सन्नी और एस.के. मिश्रा शामिल हैं। इस श्रीरामकथा आयोजन को विशेष बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। आयोजन स्थल को अयोध्या धाम नाम दिया गया है, जो भक्तों को भगवान राम की नगरी का अनुभव कराएगा। कार्यक्रम के पहले दिन, अयोध्या से चरण पादुका लाई जाएगी। इस दिन कलश यात्रा के साथ भक्तों को चरण पादुका को स्पर्श करने का अवसर भी मिलेगा, जिससे कार्यक्रम की शुरुआत अत्यंत पावन होगी। समारोह को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए, सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि भक्तगण आयोजन के किन्हीं भी दो दिनों में एक विशेष ड्रेस कोड पहनकर शामिल होंगे। यह पहल कार्यक्रम में एकरूपता और उत्साह का माहौल बनाएगी। श्रीरामकथा समिति में समाज के हर वर्ग से लोगों को शामिल किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएँ और राम भक्त शामिल हैं। इनमें सीमा गुप्ता, किरण मिश्रा, कुंती देवी, रीना सिंह जैसी कई महिलाएँ और मनोज कुमार गुप्ता, जगदीश चिमुरकर, वेदानंद मिश्रा, सुमन कुमार सहित कई पुरुष सदस्य शामिल हैं। बैठक का समापन प्रभु श्रीरामचंद्रजी के जयकारों के साथ हुआ। सभी उपस्थित सदस्यों ने भीलगांव और आसपास के लोगों से अपील की है कि वे इस पावन कथा में बड़ी संख्या में भाग लें और पुण्य का लाभ उठाएँ। यह आयोजन पूरे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम साबित होगा, जो भक्ति और सद्भाव का एक नया अध्याय लिखेगा।

श्रीरामकथा समिति में कई महिलाओं और रामभक्तों को भी शामिल किया गया है, जिनमें सीमा गुप्ता, किरण मिश्रा, कुंती देवी, रिंकू सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, जगदीश चिमुरकर, मीना सिंगरूरे, नितु नायक, शीतल त्रिवेदी, नागमणि राव, चैताली जगदीश सोनी, आशा दिलीप माथुर, सरोज रजक, श्रीमती मंजू वर्मा, प्रियंका गुप्ता, अम्बिका खूंटे, मंजू यादव, सविता वडगामा, वेदानंद मिश्रा, पत्रकार भास्कर एम. भनारे, पंडित विनोद द्विवेदी, डॉ. हरीश धनोरे, सुमन कुमार, स्वपनील भनारे, मोहन अश्विनी, विलास ए. झानझोटे, उमेश बेंडेकर, अमोल डोके, जय प्रकाश, प्रशांत नायडू, भूषण कुमार गुप्ता, स्वेतांग शिवम्, साहिल घड़े, कंचन कुमारी, माधुरी तिवारी, दीपा पचौरी, प्रवीण त्रिवेदी, पल्लवी संजय मेश्राम, सुशील हथीथले, वैशाली जवाने, कैलाश माकडे, राहुल फरकुंडे, रौशन परमार, निशांत एस बशरे, पंकज एस यादव, अतिश बी शेंडे, सुभाष गोखले, गुणवंत माकडे, जया माथुरे, ओंकार माकडे, विशाल कुकडे और निलेश माकड़े शामिल हैं।

# दिनदहाड़े प्रेमिका पर चाकू से हमला, आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

**पारशिवनी.**



पारशिवनी तहसील के नयाकुंड गांव में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक ने अपनी प्रेमिका पर चाकू से हमला कर दिया। अचानक हुई इस घटना से पूरे परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित 20 वर्षीय युवती नयाकुंड गांव की रहने वाली है और पारशिवनी के एक निजी अस्पताल में कार्यरत है। सोमवार सुबह करीब 10 बजे वह अपने घर के सामने खड़ी थी। तभी गांव का ही युवक संदीप अमरदीप गजभिए (27) वहां पहुंचा और उससे बातचीत करने लगा। युवती ने बातचीत से इनकार किया तो गुस्से में आरोपी ने अपने पास रखा धारदार चाकू निकालकर युवती पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। युवती की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल युवती को तुरंत पारशिवनी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे नागपुर के इंदिरा गांधी सरकारी अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी और युवती के बीच पिछले तीन सालों से प्रेम संबंध थे। लेकिन आरोपी की शराब की लत के चलते युवती ने उससे दूरी बना ली थी। इसी रंजिश में आरोपी ने यह कदम उठाया। घटना के कुछ घंटे बाद ही स्थानीय पुलिस और एलसीबी की टीम ने आरोपी संदीप को नागपुर के नंदनवन परिसर से गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पारशिवनी पुलिस ने युवती के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# गणपति बप्पा मोरया... अगले वर्ष जल्दी आएं, ढोल-ताशों के संग भावपूर्ण विदाई

**नागपुर.**





शहर में दस दिन तक भक्तिभाव से घर-घर में विराजमान गणपति बप्पा की आराधना का समापन शनिवार को हुआ। 'गणपती गए गांव, चैन पड़े ना हमें' जैसी भावपूर्ण घोषणाओं के बीच नागपुर के नागरिकों और विभिन्न गणपति मंडलों ने बप्पा को भावपूर्ण निरोप दिया।

विसर्जन मिरवणुकी में बारिश की हल्की बूंदों ने भी भक्तों का उत्साह कम नहीं किया। प्रशासन ने इस उत्सवमय माहौल को देखते हुए सभी आवश्यक सुविधाओं का इंतजाम किया। मनपा आयुक्त अभिजीत चौधरी, जिल्हाधिकारी विपिन ईटनकर और बेसा प्रशासक भारत नंदनवार ने विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। विघ्नहर्ता की दस दिन तक मनोभाव से पूजा करने के बाद भक्तों का प्रिय बप्पा शनिवार को विभिन्न स्थानों से अपने गांव के लिए रवाना हुआ। शहर में घर-गृहस्थ और सार्वजनिक मंडलों में लाखों भक्तों ने बप्पा का भावपूर्ण विसर्जन किया। बेसा और अन्य क्षेत्रों में ४१९ कृत्रिम तालाबों की व्यवस्था की गई थी, ताकि सभी मूर्तियों का सुरक्षित विसर्जन हो सके।

ढोल-ताशों, टाळ-मृदंग की धुन पर 'गणपति बप्पा मोरया... अगले साल जल्दी आएं' की घोषणाओं के बीच नागपुरवासियों ने बप्पा को उत्साहपूर्वक विदा किया। विसर्जन स्थल पर कई भक्त भावुक भी हो उठे। रविवार रात तक शहर में श्री गणेश की मूर्तियों का विसर्जन संपन्न कर लिया गया।

# सरपंच भावना फलके के जन्मदिन पर दी बधाई, लिया स्वच्छता का संकल्प



**कामठी.**

मंगलवार भीलगांव ग्राम पंचायत कार्यालय में कर्मचारियों सरपंच भावना चंद्रकांत फलके का जन्मदिन सादगी और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पंचायत के सभी कर्मचारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दौरान सरपंच के प्रति कर्मचारियों का सम्मान और स्नेह साफ दिखाई दिया। इस खास मौके पर सरपंच भावना फलके ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए गांव की स्वच्छता और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक स्वच्छ गांव ही स्वस्थ समाज की नींव रखता है। सरपंच भावना फलके ने सभी से अपील की कि वे अपने-अपने घरों के साथ-साथ पूरे गांव की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि आगामी योजनाओं में गांव में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर करने पर भी काम किया जाएगा, ताकि कोई भी बीमारी से परेशान न हो। इस मौके पर कर्मचारियों ने सरपंच के विचारों का समर्थन किया और गांव को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में पूरा सहयोग देने का संकल्प लिया।

यह कार्यक्रम न केवल सरपंच के जन्मदिन का उत्सव था, बल्कि गांव के विकास और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी बन गया। इस मौके पर शेषरावज लेंडे, भोजराज सायवानकर, देवगिर गिरी, राजु पोटभरे, हरिदयाल पवार, दिलीप धोपटे, गायत्री भोयर, भावना पेदुलवार आदि प्रमुखता से उपस्थित रहे।

# भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ श्री गोविंदप्रभु महाराज अवतार दिन एवं महाउपहार महोत्सव





**कोंढाली.**

कोंढाली में पंचकृष्ण ज्ञान प्रबोधन सत्संग मंडळ के तत्वावधान में आयोजित श्री गोविंदप्रभु महाराज अवतार दिन और महाउपहार महोत्सव बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और आनंदमय माहौल में संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में न केवल कोंढाली बल्कि आसपास के गाँवों व दूरदराज़ से आए श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

**धार्मिक कार्यक्रम और भक्ति रस** समारोह की शुरुआत सुबह से भजन, कीर्तन और प्रवचन के साथ हुई। संत श्री गोविंदप्रभु महाराज के जीवन, उपदेश और आदर्शों का स्मरण करते हुए श्रद्धालु भक्ति में डूबे और आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया। **भव्य पालखी शोभायात्रा :** श्री गोविंदप्रभु महाराज अवतारदिन के अवसर पर पालखी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा टेकाडे हॉल से प्रारंभ होकर पाचबुधे हॉल पर संपन्न हुई। यात्रा में कोंढाली नगर और समिप्थ गांव के भजन मंडलों ने भाग लिया। विशेष आकर्षण रही श्रीकृष्ण झांकी, जिसमें हजारों भक्तों ने श्रद्धापूर्वक भाग लेकर शोभा यात्रा को और भी भव्य बनाया।

**मुख्य अतिथि और पदाधिकारियों की उपस्थिति :** इस कार्यक्रम में विधायक चरणसिंह ठाकुर प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही कोंढाली के गणमान्य नागरिक और पदाधिकारी जैसे योगेश चाफले, संजय राऊत, स्वप्निल व्यास, मुन्ना सेंगर ठाकुर, शामराव तायवाडे, प्राचार्य सुधीर बूटे, दिलीप वैद्य सहित अन्य ने भी हिस्सा लिया।

**महा उपहार और सम्मान समारोह:** अवतार दिन के अवसर पर महा उपहार समारोह का आयोजन किया गया, जिसे श्री नरोत्तममुनि महानुभाव के हस्ते सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम का संचालन गणेश खाडे ने किया और आभार प्रदर्शन कृष्णाली खाडे द्वारा किया गया। कोंढाली में संपन्न हुए इस भव्य धार्मिक आयोजन ने श्रद्धालुओं को संत परंपरा, भक्ति और आध्यात्मिकता का सशक्त संदेश दिया।

# पोरवाल कॉलेज में किण्वित (फ़रमेंटेड) खाद्य महोत्सव संपन्न

**कामठी.**



स्थानिक सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज, कामठी के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स सोसाइटी ऑफ़ इंडिया (एम.बी.एस.आय.) छात्र इकाई का उद्घाटन एवं किण्वित खाद्य (फ़रमेंटेड) महोत्सव का आयोजन किया गया था । इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. वैशाली पिंपले, क्षेत्रीय संयोजक, (एम.बी.एस.आय.) महाराष्ट्र, ने छात्र इकाइयों की भूमिका पर प्रकाश डालकर कंहा कि यह मंच युवा सूक्ष्मजीव विज्ञानियों को राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग, अनुसंधान और नेतृत्व का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य प्रो. डॉ. स्वप्निल दाहात ने फ़रमेंटेड खाद्य पदार्थों के महत्व अधोरेखित करते हुए उसे वर्तमान व भविष्य की आवश्यकता बताया। डॉ. अलोक रॉय ने छात्रों को प्रोबायोटिक एवं फ़रमेंटेड फूड प्रोडक्शन में खाद्यपदार्थों के पोषण, सांस्कृतिक एवं उद्यमशील मूल्य को रेखांकित करते हुए, स्टार्टअप्स करने हेतु विद्यार्थियों प्रेरित किया। इस अवसर पर नव निर्मित छात्र इकाई में अफीफ़ा सबा को अध्यक्ष तथा नादिया सानी को उपाध्यक्ष चुना गया। किण्वित (फ़रमेंटेड) खाद्य महोत्सव के अंतर्गत कुल 51 छात्रों के 35 समूहों ने भाग लेकर विविध पारंपरिक और आधुनिक फ़रमेंटेड व्यंजन प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार नकुल बिस्वास (व्यंजन - भापाबोई और मिष्टिदोही), सम्यक फुलझेले (व्यंजन-पाइनएप्पल वाइन), नादिया सानी– मैक्सिकन फ़रमेंटेड राइस नूडल्स और सांत्वना पुरस्कार, रिफ़त ज़ारा, आयेशा सिद्दीक़ी और सनानाहिद को प्राप्त हुआ। स्नातकोत्तर स्तर पर विजेता रहे सबीका हैदरी (व्यंजन-गार्लिक ब्रेड), आचल मेश्राम (व्यंजन-बटर स्कॉच श्रीखंड), और सांत्वना पुरस्कार, श्रुति साठवणे (व्यंजन-पांताभात) को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में उप-प्राचार्य डॉ. मनीष चक्रवर्ती, डॉ. रेनु तिवारी, डॉ. रेणुका रॉय, डॉ. यशवंत मेश्राम, डॉ. जितेंद्र तागडे, डॉ.इंद्रजीत बसु, डॉ. महेश जोगी, डॉ. विकास कामडी, सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलतार्थ डॉ. आशा रामटेके, डॉ. नेहा देशट्टीवार, डॉ. दीप्ति भाभरा, तर्केश्वरी मडावी, पल्लवी विघे, डॉ. राहुल भेंडे, स्वेता चावला, महिमा फाल्के, श्याम बरापात्रे और शैलेश रामटेके का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का प्रस्ताविक सबीका हैदरी, संचालन नादिया सानी, बिषिका मैत्रा व सृष्टि बेहलपाड़े तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सूरज कोम्बे ने दिया।

## निधन

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

### कमल सदाशिवराव गायधने



**नागपुर.** एड. सदाशिवराव गायधने की पत्नी और एड. प्रवीण व प्रशांत गायधने की मातोश्री कमल सदाशिवराव गायधने (67) का मंगलवार को निधन हो गया अंतिम संस्कार आज राम गणेश गडकरी घाट पर किया जाएगा।

# खोले गए काटेपूर्णा बांध के चार गेट

## प्रति सेकंड छोड़ा गया 197.93 घन मीटर पानी

**अकोला.**

महान के काटेपूर्णा बांध के जलग्रहण क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण बांध का जलस्तर खतरनाक स्तर तक बढ़ गया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले कई दिनों से क्षेत्र में हो रही लगातार वर्षा ने बांध में पानी की आवक को बढ़ा दिया है। इसके चलते सिंचाई विभाग ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बांध के चारों गेट खोलकर अतिरिक्त पानी छोड़ने का निर्णय लिया।

सोमवार सुबह 7 बजे बांध के जलस्तर की माप 347.65 मीटर दर्ज की गई। उस समय बांध में कुल भंडारण 84.347 मिलियन क्यूबिक मीटर था, जो कि इसकी कुल क्षमता का लगभग 97.68 प्रतिशत है। यह आंकड़ा स्पष्ट रूप से दिखाता है कि बांध अपने पूर्ण भंडारण स्तर के करीब पहुँच चुका है और अतिरिक्त पानी को छोड़ना आवश्यक हो गया है।

### नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील



सुबह 7.30 बजे, सुरक्षा और जलस्तर नियंत्रण के लिए बांध के दो गेटों को एक-एक फुट खोलकर 51.16 क्यूबिक मीटर प्रति सेकंड की गति से नदी तल में पानी छोड़ा गया। हालांकि, इसके कुछ समय बाद बांध में पानी की आवक लगातार बढ़ती रही, जिससे सिंचाई विभाग ने स्थिति का पुनर्मूल्यांकन किया और चारों गेटों को 60 सेंटीमीटर ऊँचाई पर खोल दिया। बाद में, सुबह 10 बजे, सुरक्षा के लिहाज से बांध के दो और गेट खोले गए। अब कुल चार गेट दो-दो फीट खोलकर 197.93 क्यूबिक मीटर प्रति सेकंड की दर से अतिरिक्त पानी नदी में छोड़ा जा रहा है। यह कदम इस बात को दर्शाता है कि सिंचाई विभाग ने जलस्तर और पानी की आवक की लगातार निगरानी करते हुए आवश्यक कार्रवाई की है ताकि बांध सुरक्षित रहे और आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। सिंचाई विभाग ने स्पष्ट किया है कि बांध के जलग्रहण क्षेत्र से आने वाले पानी की मात्रा के आधार पर समय-समय पर पानी छोड़ा जाएगा। विभाग ने नदी किनारे रहने वाले नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है और कहा कि किसी भी हाल में नदी का तल पार न करें। इसके साथ ही स्थानीय प्रशासन ने आसपास के क्षेत्रों में लोगों को सतर्क रहने और बच्चों तथा बुजुर्गों को सुरक्षित स्थानों पर रखने की सलाह दी है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि आगामी दिनों में भी क्षेत्र में बारिश का अनुमान है, जिससे जलस्तर में उतार-चढ़ाव बने रह सकते हैं। ऐसे में सिंचाई विभाग ने यह सुनिश्चित किया है कि बांध से पानी छोड़ने का कार्य सावधानीपूर्वक किया जाए ताकि किसी भी अप्रत्याशित घटना से बचा जा सके।

### खतरे को नियंत्रित करने की मदद

लगातार बढ़ रहे जलस्तर और बारिश को देखते हुए विभाग की सतर्कता ने संभावित खतरे को नियंत्रित करने में मदद की है। नागरिकों को निर्देश दिया गया है कि नदी के पास न जाएँ और स्थानीय अधिकारियों की जानकारी एवं चेतावनियों पर ध्यान दें।

इस तरह, लगातार बारिश और बढ़ते जलस्तर के बीच काटेपूर्णा बांध से पानी छोड़ने की प्रक्रिया जारी है और विभाग ने इसे नियंत्रित तरीके से सुरक्षित बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं।

काटेपूर्णा बांध महत्त्वपूर्ण सिंचाई और जलाशय प्रणाली का हिस्सा है और यह आसपास के कई गांवों और कृषि भूमि के लिए जीवनदायिनी स्रोत है।

# ओबीसी आरक्षण में मराठों का समावेश अन्यायकारक: महात्मा फुले समता परिषद



**हिंगनघाट.**

अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर 2 सितंबर 2025 को राज्य सरकार द्वारा जारी मराठा आरक्षण से संबंधित शासन निर्णय को तत्काल रद्द करने की मांग की है।

महिला जिलाध्यक्ष कविता मुंगले ने कहा कि ओबीसी वर्ग में पहले से ही साढ़े तीन सौ से अधिक जातियां शामिल हैं, जिन्हें अभी तक पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। ऐसे में मराठा समाज को इसमें शामिल करना मूल ओबीसी समाज के साथ सरासर अन्याय होगा।

ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया गया है कि भारतीय संविधान के अनुसार आरक्षण का आधार न तो सगे-संबंधी है और न ही सरसकट पद्धति, बल्कि सामाजिक व शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े वर्ग हैं। मराठा समाज इस मापदंड में फिट नहीं बैठता। यदि मराठा समाज को कुणबी प्रमाणपत्र के आधार पर ओबीसी में जोड़ा गया तो ओबीसी समाज केवल मतदान तक सीमित रह जाएगा और उनका राजनीतिक प्रतिनिधित्व खत्म हो जाएगा।

इस आंदोलन को माधवी देशमुख, वैशाली कुंभारे, योगिता ताराम, वनीता शिंदे, निरंजना मानकर, भारकर मुंगसे और सविता तळवेकर का भी समर्थन मिला है।

परिषद ने सरकार से स्पष्ट मांग की है कि मराठा समाज के लिए स्वतंत्र आरक्षण की व्यवस्था की जाए, ताकि मूल ओबीसी समाज के अधिकारों और हितों पर कोई आघात न पहुँचे।

# फिर सुर्खियों में बुलढाना जिला पुलिस अधीक्षक पद का विवाद, कैट ने पूरी की सुनवाई

**बुलढाना.**

बुलढाना जिला पुलिस अधीक्षक के पद से तबादले के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) ने सुनवाई पूरी कर ली है और मामला अब निर्णय के लिए सुरक्षित रख लिया गया है। इससे पुलिस अधीक्षक पद को लेकर विवाद फिर से सुर्खियों में आ गया है।

बुलढाना के पूर्व पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे का तबादला मई में अमरावती स्थित एसआरपीएफ ग्रुप क्रमांक 9 में हुआ था। उनकी जगह नागपुर सीआईडी से नीलेश तांबे को बुलढाणा स्थानांतरित किया गया था। पानसरे ने इस आदेश के खिलाफ कैट में याचिका दायर की थी।

23 मई को हुई प्रारंभिक सुनवाई में कैट ने तबादले के आदेश पर रोक लगा दी थी।

उसके बाद मामले की सुनवाई निर्धारित तिथियों पर जारी रही। 8 सितंबर को हुई सुनवाई के बाद अगली तिथि तय नहीं की गई है। इसलिए कहा जा रहा है कि मामले को निर्णय के लिए सुरक्षित रखा गया है।

मामला न्यायालयीन प्रक्रिया में है, इसलिए आधिकारिक स्तर पर कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है और इन सभी घटनाक्रमों के कारण जिला पुलिस बल और राजनीतिक हलकों में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं। मामला निर्णय के लिए सुरक्षित रखा गया है, इसलिए अब जिले में अगले फैसले का इंतजार है।

# हिंगनघाट-समुद्रपुर में किसानों का भारी नुकसान, शिवसेना (उद्धव) ने उठाई आवाज़

**वर्धा.**

ज़िले के हिंगनघाट और समुद्रपुर तालुकों में पिछले दो महीनों से लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। सोयाबीन की फसल पर यलो मोज़ेक और चारकोल स्टॉट जैसे रोगों का प्रकोप बढ़ने से कोमल फलीयाँ सूख गई हैं। हालत यह है कि किसान भूखमरी की कगार पर पहुँच गए हैं।

इसी पृष्ठभूमि में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने किसानों को तत्काल आर्थिक मदद देने की मांग की है। पूर्व मंत्री अशोक शिंदे, ज़िला प्रमुख राजेंद्र खूबसरे, उपज़िला प्रमुख सतीश धोबे और तालुका प्रमुख मनीष देवड़े के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपविभागीय अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा कपास आयात शुल्क शून्य किए जाने से भारतीय किसानों को अपनी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलना कठिन हो जाएगा। आशंका जताई गई कि देश के उद्यमी विदेशी कपास खरीदेंगे और भारतीय किसानों का कपास बिना बिके रह जाएगा।

शिवसेना ने मांग की है कि कपास निगम न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कपास खरीदने की गारंटी सरकार तत्काल दे, अन्यथा किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों के हित में ठोस नीतिगत निर्णय जल्द से जल्द लेने की मांग भी की गई। इस अवसर पर शिवसेना (उद्धव) के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# हिंगनघाट में पारिवारिक विवाद से युवक पर जानलेवा हमला

## हथौड़ी और ईंट से वार, चार पर मामला

**हिंगनघाट.**

शहर में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक पर हथौड़ी और ईंट से जानलेवा हमला किए जाने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित पवन हरिदास तांदुळकर (27 वर्ष, निवासी निशानपुरा वार्ड) की शिकायत पर यह प्रकरण उजागर हुआ है। घटना 6 सितंबर की रात 8.30 से 9.30 बजे के बीच नेताजी वार्ड क्षेत्र में घटी। बताया जा रहा है कि पवन तांदुळकर का अपनी पत्नी से फोन पर विवाद हुआ था। इसके बाद वह अपनी माँ के साथ ससुराल पहुँचा, जहाँ विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

आरोप है कि ससुर राजू लाकडे ने हथौड़ी से उसके सिर पर वार किया, सास अरुणा लाकडे ने ईंट से प्रहार किया, पत्नी राजश्री लाकडे ने मुक्कों से मारपीट की और पड़ोसी लाला चंदनखेडे ने भी हाथापाई की। इस हमले में युवक के सिर से खून बहने लगा और चेहरे के बाएँ हिस्से पर गंभीर चोटें आईं।

सूचना मिलते ही हिंगणघाट पुलिस पर पहुँची और मामला दर्ज किया। आरोपियों पर धारा 118(1), 351(2), 352, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। फिलहाल मामले की आगे की जाँच पुलिस उपनिरीक्षक सुनील राम के मार्गदर्शन में की जा रही है।

इस घटना से हिंगणघाट शहर में खलबली मच गई है और क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

# वंचित बहुजन आघाड़ी ने घोषित की वर्धा जिला कार्यकारिणी

**वर्धा.**

वंचित बहुजन आघाड़ी ने अपने संगठनात्मक अभियान के तहत वर्धा जिले की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। इसमें किशोर सूर्यभान खैरकार को वर्धा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

उपाध्यक्ष पद पर कुल सात कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिनमें सोपान टेभुर्णे (सेलु), कुणाल वासेकर (हिंगणघाट), सुनील कांबले (कवठा ता. देवली), प्रवीण गडलिंग (आष्टी), किशोर मस्के (वर्धा), नरेंद्र नान्हेटकर (वर्धा) और प्रशांत भित्रे (सावंगी मेघे) शामिल हैं।

नितिन गोविंदराव इंदुरकर को महासचिव, विशाल शेंडे को आयोजक और धैर्यशील ताकसांडे को प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं प्रमोद पानबुड़े, हर्षल पाटिल, सचिन माटे, प्रशांत धेपे, शीलकुमार इंदुरकर और राहुल वानखेड़े को सचिव नियुक्त किया गया है।

आईटी सेल प्रमुख के रूप में कमलेश उमरे को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस कार्यकारिणी की घोषणा वंचित बहुजन आघाड़ी महाराष्ट्र प्रदेश के महासचिव किसन चव्हाण के हस्ताक्षर से की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह घोषणा पार्टी के राज्यव्यापी संगठनात्मक अभियान का हिस्सा है।

# अल्फोंसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने जीता फुटबॉल खिताब



**वर्धा.**

खेल और युवा सेवा निदेशालय, महाराष्ट्र राज्य, पुणे तथा जिला क्रीड़ा परिषद, वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत वर्धा तालुका स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा में सावंगी (मेघे) स्थित अल्फोंसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 वर्षीय आयु वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया है।

इस जीत के साथ विद्यालय की टीम को जिले का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त हुआ है। विजेता खिलाड़ियों में तन्मय डोंगरे (गोलकीपर), महम्मद शावेद (कप्तान), अन्मित पांडे (उप-कप्तान), भार्गव कापसे, देवाशीष कुबड़े, देव्यांक साटोने, कुंज कुलसंगे, अवनीश फुलझेले, सुमित चुटे, साहिल पोलादे, विनीत चव्हाण, ऋषभ भस्मे, उज्ज्वल कांबडी, अथर्व कांबले, आयुष नेवारे, सोहम गिरे और मंथन परतेकी शामिल हैं। टीम ने यह सफलता विद्यालय के खेल शिक्षक संदीप खेर सर के मार्गदर्शन और प्रशिक्षण में हासिल की। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर नव्या सहित सभी शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बुजुर्ग आरोपी ने किया यौन शोषण, नाबालिग गर्भवती

**अमरावती.** अमरावती जिले के मेलघाट में एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है कि एक 62 वर्षीय व्यक्ति द्वारा 17 वर्षीय लड़की के साथ यौन शोषण करने के बाद एक नाबालिग लड़की गर्भवती हो गई। यह घटना चिखलदरा तहसील के कंटाकुभ गाँव में हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी की पहचान अशोक मालवीय के रूप में हुई है। नाबालिग लड़की आरोपी के घर घरेलू काम करने जाती थीं। अशोक ने इस नाबालिग लड़की का कई बार यौन शोषण किया। इस यौन शोषण के कारण नाबालिग लड़की गर्भवती हो गई। इस नाबालिग लड़की ने एक बच्चे को जन्म दिया। पुलिस उप-विभागीय अधिकारी इस गंभीर घटना की जाँच कर रहे हैं। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शोषण के कारण नाबालिग लड़की की मानसिक स्थिति बिगड़ गई है।

# ऑनलाइन ठगी में हिंगनघाट निवासी को 2.63 लाख रुपये की चपत

**हिंगनघाट.**



जिले में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताज़ा घटना में हिंगणघाट के संत तुकडोजी वार्ड निवासी एक व्यक्ति ऑनलाइन जालसाजों का शिकार हो गए और उनके खाते से ₹2,63,993 रुपये उड़ा लिए गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित राधेशाम ओकारराव धुमाले (46) नागपुर स्थित डॉ. कापरे हॉस्पिटल में इलाज हेतु अपॉइंटमेंट लेना चाहते थे। उन्होंने गूगल पर हॉस्पिटल का नंबर खोजकर कॉल किया। कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने उन्हें अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए एक लिंक भेजा और उस पर क्लिक करने को कहा।

जैसे ही धुमाले ने लिंक पर क्लिक किया, 30 अगस्त से 2 सितंबर 2025 के बीच उनके बैंक ऑफ महाराष्ट्र, वरोरा शाखा के खाते से चरणबद्ध तरीके से ₹2.63 लाख रुपये डेबिट हो गए। रकम कटने के मैसेज आने पर उन्होंने तुरंत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के आधार पर सायबर पुलिस थाना वर्धा ने अपराध क्र. 12/2025, धारा 318(4), 319(2) भारतीय न्याय संहिता तथा धारा 66(ड) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस प्रकरण की जांच पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी के मार्गदर्शन में पोहवा अनुप राऊत कर रहे हैं।

# 1.75 लाख की सुगंधित तंबाकू ज़ब्त, आरोपी गिरफ्तार

**हिंगनघाट.** पुलिस ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम के साथ मिलकर सोमवार (8 सितंबर) की शाम धड़क कार्रवाई को अंजाम देते हुए 1 लाख 75 हज़ार 500 रुपए मूल्य का सुगंधित तंबाकू ज़ब्त किया। इस प्रकरण में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई शाम 6 से 7 बजे के बीच हिंगणघाट पुलिस स्टेशन परिसर में की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रविराज भोजराज धाबर्डे के नेतृत्व में की गई इस छापेमारी में आरोपी शेख अरबाज़ अब्दुल जब्बार (28 वर्ष, निवासी मौलाना आज़ाद वार्ड, पांढरकवड़ा, जिला यवतमाल) को पकड़ा गया। कुल मिलाकर 130.4 किलो वजन का सुगंधित तंबाकू, जिसकी कीमत लगभग 1.75 लाख रुपए है, ज़ब्त किया गया।।इस कार्रवाई में पुलिस उपनिरीक्षक दिनेश तुमाने सहित हिंगणघाट पुलिस की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# मुख्याध्यापक योगेश्वर कलोडे को राज्यस्तरीय कर्तृत्ववान शिक्षक पुरस्कार

**हिंगनघाट.**



नवकेतन विद्यालय, जामणी के मुख्याध्यापक योगेश्वर कलोडे को शिक्षक दिवस 2025 पर राज्यस्तरीय कर्तुत्वान शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा हुई है। यह सम्मान शिक्षकध्येय, मातृवृक्ष बहुउद्देशीय शैक्षणिक व सामाजिक संस्था और मंगल यश एज्युकेशन कंसल्टेंसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्यस्तरीय नवीन उपक्रम स्पर्धा के तहत दिया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता में कलोडे सर ने विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए "कौन बनेगा वाचनवीर" नामक अभिनव उपक्रम प्रस्तुत किया। कोरोना काल में जब ऑनलाइन शिक्षा ही एकमात्र माध्यम थी, तब विद्यार्थियों का आकर्षण मोबाइल की ओर बढ़ रहा था। ऐसे समय में उन्होंने शासन के "महावाचन अभियान" को आगे बढ़ाते हुए इस उपक्रम को शुरू किया। इसके परिणामस्वरूप छात्रों में पढ़ने की रुचि और लगाव उल्लेखनीय रूप से बढ़ा।

पुरस्कार की घोषणा के बाद विद्यालय के अध्यक्ष कृष्णाजी महाजन साहेब, गटशिक्षणाधिकारी राठोड़ साहेब, विद्यालय का समस्त स्टाफ और ग्रामवासियों ने उनका अभिनंदन करते हुए गर्व व्यक्त किया।

# राख से लदे ट्रक ने ऑटो को टक्कर मारी

## एक की मौत, चार गंभीर रूप से घायल

**यवतमाल.**

राख से लदे एक तेज़ रफ़्तार ट्रक ने एक यात्री ऑटो को टक्कर मार दी, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार, 8 सितंबर को सुबह लगभग 10:30 बजे तहसील के वडकी से खैरी रोड पर ऋषि जिनिंग के सामने हुई इस घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वडकी से खैरी एक बहुत व्यस्त मार्ग है। इस मार्ग पर भारी यातायात के कारण बड़ी संख्या में दुर्घटनाएँ होती रहती हैं। इसी बीच, खैरी से नंबर का एक ऑटो एक यात्री को लेकर वडकी की ओर आ रहा था। इसी बीच, वरोरा से राख लेकर आ रहे एमएच 40 सीडी 1989 नंबर के एक ट्रक ने ओवरटेक करने की कोशिश में ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। इससे ऑटो तेज़ गति से आगे निकल गया। इस भीषण दुर्घटना में ऑटो सड़क किनारे जा गिरा। ऑटो में सवार यात्री सड़क पर गिर गए। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। चार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें आष्टोना निवासी शंकरराव पारखी (52) की मृत्यु हो गई। जबकि खैरी निवासी लता चंद्रभूषण जायसवाल (53), खैरी निवासी बेबीबाई नारायण शिरसागर (48), खैरी निवासी दुर्गा विनोद धोत्रे (38), कोच्चि निवासी ताई शंकरराव इंगोले (45) गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना की सूचना मिलने पर वडकी थाने को दी गई। घटनास्थल पर पहुँचे और दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल लोगों को एम्बुलेंस से इलाज के लिए वडनेर अस्पताल भेजा। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। दुर्घटना के कारण सड़क पर यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने प्रभावित वाहनों को हटाकर यातायात सुचारू किया। दुर्घटना में शामिल ट्रक चालक और ऑटो चालक मौके से फरार हो गए और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। वडकी पुलिस स्टेशन द्वारा घटना की आगे की जाँच की जा रही है।



### वडकी से खैरी मार्ग पर भारी यातायात के कारण गड्ढे

अत्यंत व्यस्त वडकी से खैरी मार्ग भारी यातायात के कारण गड्ढों में तब्दील हो गया है। चंद्रपुर जिले से कोयला, रोड़ी और रेत लेकर आने वाले ट्रक इस मार्ग पर बड़े ट्रक की तरह दौड़ते हैं। इससे पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। गड्ढों में जमा बारिश के पानी के कारण कई छोटी-बड़ी दुर्घटनाएँ हो चुकी हैं। पिछले कई दिनों से इस सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। वडकी और खैरी के बीच इस सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इससे वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर यात्रा करनी पड़ रही है। वाहन चालकों की माँग है कि संबंधित विभाग इस ओर ध्यान दे और इस सड़क की तुरंत मरम्मत कराए।

# अतिवृष्टि से हिंगनघाट तहसील के किसान बेहाल

## > सोयाबीन, तुअर, कपास फसलों का भारी नुकसान

**हिंगनघाट.**



लगातार बारिश और अतिवृष्टि के कारण हिंगनघाट तहसील के किसानों की सोयाबीन, तुअर और कपास जैसी प्रमुख फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। फसलों पर येलो मोज़ेक, जड़ गलन जैसी बीमारियाँ आ गई हैं, जिससे फलियाँ खाली रह गई हैं, वहीं कई जगह फसलें सूखकर बर्बाद हो गई हैं। इसके चलते किसान पूरी तरह से बेहाल हो चुके हैं। इसी पृष्ठभूमि में सावली (वाघ) सर्कल के किसानों ने मुख्यमंत्री तथा जिला प्रशासन को लिखित आवेदन देकर तत्काल पंचनामा कराकर मुआवज़ा देने की मांग की है। किसानों ने कहा है कि शासन के आह्वान पर उन्होंने फसल बीमा प्रीमियम भरा, फिर भी सहायता केवल कटाई प्रयोग पर आधारित होने से व्यक्तिगत नुकसान की भरपाई नहीं हो रही है। इसके चलते बीमा धारक किसानों में भारी निराशा फैल गई है। किसानों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा से हुई इस भारी क्षति की गंभीरता को देखते हुए सोयाबीन, तुअर और कपास फसलों का अलग से सर्वेक्षण कर त्वरित आर्थिक मदद घोषित की जाए। अन्यथा आने वाले मौसम में किसान खेती से दूर हो सकते हैं, ऐसी आशंका जताई जा रही है। इस दौरान तहसील और सावली सर्कल के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मराठा आरक्षण पर ऐतिहासिक निर्णय।

## > अखिल भारतीय मराठा महासंघ का फडणवीस सरकार के प्रति आभार

**नागपुर/रामगिरी.**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार ने मराठा आरक्षण से जुड़ा ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस फैसले से मराठवाड़ा क्षेत्र के संपूर्ण मराठा समाज को 'कुनबी' जाति का प्रमाणपत्र प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

गौरतलब है कि 1918 के हैदराबाद गैजेट के आधार पर यह निर्णय संभव हुआ। 1948 में हुए 'मर्जर एग्रीमेंट' अथवा 'स्टैंडस्टिल एग्रीमेंट' के तहत जब हैदराबाद संस्थान का भारत में विलय हुआ था, तब संस्थान की जातिनिहाय नोंद और आदेश यथावत रखने का प्रावधान किया गया था।

इन नोंदों में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि मराठा समाज कुनबी है। इसी



पृष्ठभूमि में अखिल भारतीय मराठा महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने आज नागपुर के रामगिरी स्थित मुख्यमंत्री निवास पर देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की और इस निर्णय के लिए उनका आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संभाजीराजे दहातोंडे (राष्ट्रीय सरचिटणीस), दिलीप धंद्रे (राष्ट्रीय संपर्क प्रमुख), राजेश निंबालकर (राष्ट्रीय समन्वयक) एवं सौ. वंदना शिर्के (महाराष्ट्र प्रदेश महिला अध्यक्ष) व नागपुर जिला अखिल भारतीय मराठा महासंघ के पधादिकारी सचिन जाधव ने किया।

**इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों में प्रमुख थे :** तेजसिंग मोरे, शशिकांत होणे, संदीप कदम, सुधाकर तिबोले, भूपेश शिंदे, सचिन लिमसे, नरेंद्र मोहिते, मनोहर गावंडे, पंकज सालुंके, प्रतापराव बारसकर, अनिकेत इंगले, प्रशांत जाधव, प्रभाकर जाधव, प्रशांत सूर्यवंशी, विप्लव काले, अक्षय शिंदे, मिलिंद, अविनाश, विभाताई सावंत, तृषाली चौधरी, शारदा गावंडे एवं सारिका ठाकरे।

अखिल भारतीय मराठा महासंघ ने कहा कि यह निर्णय मराठा समाज के लिए ऐतिहासिक व न्यायपूर्ण है, जिससे समाज के विद्यार्थियों और युवाओं के लिए नए अवसरों का द्वार खुलेगा।

# चंद्रशेखर अरगुलेवार 'मोहब्बत पुरस्कार' से सम्मानित

**कामठी.**

ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर, फैजान-ए-ताजुल औलिया वृद्ध आश्रम के संस्थापक इरशाद मौलाना ने समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को मोहब्बत पुरस्कार से सम्मानित किया।



इस साल यह सम्मान पाने वालों में चंद्रशेखर अरगुलेवार भी शामिल हैं, जिन्हें उनके समर्पण और निःस्वार्थ समाजसेवा के लिए यह पुरस्कार दिया गया।

चंद्रशेखर अरगुलेवार ने केंद्रीय पुलिस बल में 25 वर्षों तक सेवा दी और हवलदार के पद से इस्तीफा देकर खुद को पूरी तरह से समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया।

उन्होंने तेजस बहुउद्देशीय संस्था की स्थापना की और उसके माध्यम से कई सामाजिक कार्य किये। नागपुर के ताजबाग स्थित पीली स्कूल के पास आयोजित समारोह में, संस्था के मार्गदर्शक और पत्रकार एम.ए. जब्बार, इरशाद मौलाना, सक्करदरा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक मुकुल ठाकरे, भंते नागदीपंकर, भंते संघरत्न मानके, और गुरुदेव सेवा मंडल के ज्ञानेश्वर रक्षक जैसे कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में अरगुलेवार को शॉल और पुरस्कार की शील्ड भेंट की गई।

पुरस्कार मिलने पर अरगुलेवार ने इसका श्रेय अपनी संस्था के दानवीरों, नागपुर और कामठी के पत्रकार बंधुओं, मित्रों, और अपने परिवार को दिया। वे पहले भी कई सम्मानों से नवाजे जा चुके हैं, लेकिन यह पुरस्कार उनके समाज सेवा के प्रति समर्पण को और भी मजबूत करता है।

# कचरे के गर्त में डूब रहा दिग्रस शहर!

## > पालिका प्रशासन की घनघोर लापरवाही उजागर

**दिग्रस.**

नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही की बदौलत दिग्रस शहर गंदगी की चपेट में घिर गया है. इन दिनों शहर के क़ई इलाके, चौक-चौराहो सहित शहर की प्रमुख सड़को के किनारे कचरे के अंबार से पटे पड़े हैं. नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग की घनघोर लापरवाही से दिग्रस शहर में गंदगी का साम्राज्य फैल रहा है. जिस कारण शहरवासियों के स्वास्थ्य पर विभिन्न संक्रामक बीमारियों खतरा मंडरा रहा है. वैसे भी आए दिनों सिलसिलेवार बारिश बरसने से संक्रामक रोग तेजी से फैल रहे है. ऐसे में शहर के विभिन्न इलाकों में कचरे के ढेर लगने से नागरिकों में घोर निराशा व्याप्त है. शहर के अंजुमन उर्दू हाईस्कूल के करीब और ताजनगर



में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ई लाइब्रेरी के सामने बड़े पैमाने पर पसरा हुआ कचरे का अंबार पालिका प्रशासन की उदासीनता को उजागर कर रहा है. शहरवासियों के स्वास्थ्य के साथ जारी खिलवाड़ तत्काल बंद कर साफसफाई के कामों को गति देने की मांग दिग्रस शहरवासी कर रहे है.

# डॉ. ऋचा जैन भारत की टॉप 10 वूमेन कॉस्मेटोलॉजिस्ट में शामिल

## > वूमेन एंटरप्रेन्योर इंडिया मैगजीन में विशेष सम्मान


**नागपुर.**

विख्यात वूमेन एंटरप्रेन्योर इंडिया मैगजीन के नवीनतम अंक में डॉ. ऋचा राजकुमार जैन को भारत की टॉप 10 वूमेन कॉस्मेटोलॉजिस्ट के रूप में सम्मानित किया गया है।

यह प्रतिष्ठित मैगजीन आलोक चतुर्वेदी के पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित हुई, जिसकी सम्पादिका रचिता शर्मा (बैंगलोर) हैं। पूरे भारतवर्ष से विशेष चयन प्रक्रिया के तहत चुनिंदा महिलाओं को यह सम्मान दिया गया है, जिसमें महाराष्ट्र से डॉ. ऋचा जैन को *वूमेन लीडर इन कॉस्मेटोलॉजी* के खिताब से नवाजा गया है। डॉ. ऋचा का यह इंटरव्यू वूमेन एंटरप्रेन्योर इंडिया मैगजीन के ऑनलाइन पोर्टल पर भी प्रकाशित हुआ है, जिसे अब तक लगभग 3 लाख से अधिक व्यूअर्स ने देखा है।

डॉ. ऋचा राजकुमार जैन नागपुर में दो क्लिनिक चलाती हैं, जहां वर्ल्ड-लेवल की अत्याधुनिक तकनीक से लैस स्क्रीन ट्रीटमेंट्स, हेयर ट्रीटमेंट, कंप्यूटराइज वेट मैनेजमेंट सहित बोटोक्स, फिलर, लेजर आधारित वेट लॉस, ग्लूकोस व्हाइटनिंग, स्किन ट्रीटमेंट इत्यादि सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

डॉ. ऋचा जैन को पहले भी 29 नेशनल और 9 इंटरनेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। वर्ष 2022 में भी वे टॉप 10 कॉस्मेटोलॉजिस्ट इन इंडिया में शामिल हो चुकी हैं, और वर्ष 2025 में पुनः यह गौरव हासिल किया। डॉ. ऋचा ने लगभग 12 देशों में जाकर एडवांस ट्रेनिंग ली है तथा 100 से अधिक वर्कशॉप में भाग लेकर अपनी विशेषज्ञता को और भी परिपक्व



किया है।

वर्तमान में डॉ. ऋचा एमवीसी दुबई जाकर इंटरनेशनल ट्रेनिंग के लिए भी जा रही हैं, जिससे वे और अधिक नवीनतम तकनीकों से अपने सेंटर को अपडेट करती रहेंगी।

हजारों लोगों ने उनकी क्लिनिक में जाकर अपने लुक में परिवर्तन और बेहतरीन परिणाम प्राप्त किए हैं। खास बात यह है कि नागपुर के अलावा विदर्भ और महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों से भी लोग डॉ. ऋचा यूनिक क्लिनिक में ट्रीटमेंट के लिए आते हैं।

डॉ. ऋचा ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार और पूरे विदर्भ क्षेत्र के लोगों को दिया, जिन्होंने उन्हें हर कदम पर समर्थन दिया।

उन्होंने बताया कि अनुभव आधारित डायग्नोसिस और व्यक्तिगत ट्रीटमेंट प्लान के कारण ही मरीजों को अच्छे परिणाम मिलते हैं। डॉ. ऋचा से संपर्क कर अपॉइंटमेंट लेने के लिए निम्नलिखित नंबर पर कॉल करें: 93711 10379 | 94228 00029 डॉ. ऋचा यूनिक क्लिनिक, टेलीफोन एक्सचेंज स्क्वायर एवं राहते कॉलोनी, नागपुर।

# गायत्री शक्तिपीठ सौंसर में युवा प्रकोष्ठ की संगोष्ठी

**सौंसर.**



स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ सौसर में युवा प्रकोष्ठ सौसर तहसील की संगोष्ठी जिला युवा प्रकोष्ठ संयोजक स्वरूप पराड़कर की प्रमुख उपस्थिति एवं प्रबंध ट्रस्टी शिवाजी ठाकरे की अध्यक्षता में और तहसील समन्वयक शंकर घोड़की के प्रमुख आतिथ्य में संपन्न हुई। संगोष्ठी का मूल उद्देश्य आगामी माह में मातृशक्ति अखंड दीप शताब्दी वर्ष की अलख जगाने अखंड दीप रथयात्रा का प्रवेश होगा। व्यवस्था पर चर्चा हुई। साथ ही भटके हुए युवा को रचनात्मक कार्य। सांस्कृतिक, ऐतिहासिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था। वर्तमान पीढि व्यसनों से ग्रसित हो रही है, सही दिशा केवल आध्यात्मिक संस्थान ही प्रदान कर सकते है। ऐसे उदगार नरेंद्र हिंगवे ने व्यक्त किये। उपरोक्त संगोष्ठी में घोटी, रामाकोना, पंढराखेड़ी, बोरगांव, पिपला नारायणवार, मोहगांव चेतना केंद्र प्रभारी एवं 100से अधिक युवक,युवतियां उपस्थित रही। कार्यक्रम का सफल संचालन नितिन बोढे ने किया। वरिष्ठों में उमाजी चिपड़े,रामेश्वर सदारंग, चित्रसेन रबड़े, आदि उपस्थित रहे।

# शाहीर राजू बावनकुले के निवास पर कीर्तन पाठ

**कामठी.**

गत दिवस शाहीर राजू बावनकुले के निवास स्थान पर गणेशोत्सव पर एक विशेष भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर, भजन मंडल के नरेंद्र महल्ले संगीत विशारद, बबन बावनकुले, राजेंद्र बावणे, छगन बावनकुले, नगरकर, पवन राजुरकर, राजेंद्र बावनकुले, अरुणा बावनकुले द्वारा एक मनमोहक कीर्तन पाठ प्रस्तुत किया गया। भजन मंडल के सदस्यों ने पारंपरिक भजनों और भक्ति गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे सभी उपस्थित लोग एक आध्यात्मिक अनुभव में लीन हो गए।

इस आयोजन में शाहीर डॉ. राजेंद्र बावनकुळे, सौ. अरुणा बावनकुले, छगन बावनकुले, साक्षी बावनकुले, कु. श्रुति वीणा सौमित्र नंदी, सौ.कविता गायधने सहित बड़ी संख्या में भक्तगण और स्थानीय लोग शामिल





हुए, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ इस संगीतमय समारोह का आनंद लिया। कीर्तन पाठ की समाप्ति के बाद, सभी आमंत्रितों के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई।

भजन कार्यक्रम में शामिल हुए सभी लोगों को स्वादिष्ट प्रसाद दिया गया, जिसे उन्होंने बड़े ही श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। इस प्रकार, शाहीर राजू बावनकुले के निवास पर हुआ यह आयोजन धार्मिक सद्भाव और सामुदायिक एकजुटता का एक सुंदर उदाहरण बन गया।

इस कार्यक्रम ने न केवल आध्यात्मिक माहौल बनाया, बल्कि सभी लोगों को एक साथ आने और भक्ति के इस क्षण को साझा करने का अवसर भी प्रदान किया।

# शहर में तीन जगह चोरी की घटनाएं ,4 लाख से ज़्यादा का माल साफ

**नागपुर.**

शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। 6 और 7 सितंबर के दरम्यान नागपुर में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन जगह अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर लोगों के कीमती सामान पर हाथ साफ किया। इन घटनाओं के बाद पुलिस की चौकसी पर सवाल उठने लगे हैं।

**पहली वारदात** : हुडकेश्वर थाना क्षेत्र में सामने आई जहां फरियादी विधि विकास मोरे (24), निवासी शिवनेरी नगर, बेसा रोड, ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 6 सितंबर को सुबह 10 बजे ड्यूटी पर गई थी और वहां से रात को एक कार्यक्रम में धरमपेठ गई हुई थी । वहां से लौटने पर देखा कि घर का दरवाजा टूटा हुआ है। अंदर से सोने-चांदी के गहने और नकदी समेत कुल 1.69 लाख रुपये का माल चोरी हो चुका था।

**दूसरी वारदात** : गिट्टी खदान थाना क्षेत्र की है। 75 वर्षीय अंबादास



सयाजी डोंगरे, निवासी इनकम टैक्स सोसायटी, दाभा, अपने परिवार के साथ अमरावती गए थे। इस दौरान चोरों ने घर की कड़ी कुंडा तोड़कर अलमारी से सोने की चैन, अंगूठियां, नकदी, मिक्सर, गैस सिलेंडर आदि चोरी कर लिए। कुल माल की कीमत करीब 1.65 लाख रुपये का बताई जा रही है।

**तीसरी वारदात** : तहसील थाना क्षेत्र की है। चितार ओली मेट्रो स्टेशन के पास गांधी पुतला चौक स्थित कृष्णा सेल्स हार्डवेयर व प्लायवुड दुकान में भी चोरी हुई। मालिक विजयकुमार गुप्ता ने बताया कि 6 सितंबर की रात दुकान की पूजा होने के कारण ड्रॉवर में रखे 1.5 लाख रुपये और एक पुराना मोबाइल अज्ञात चोर ले उड़े। खास बात यह रही कि चोरों ने सबूत मिटाने के लिए दुकान का सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया।

तीनों घटनाओं में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। अलग-अलग थाने की टीमें आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं। हालांकि लगातार हो रही चोरी की वारदातों से नागरिकों में दहशत का माहौल है।

# सिरसपेठ, नागपुर में पर्यावरणपूरक गणेश विसर्जन

## > सेवादार प्रतिष्ठान की अनोखी पहल – फिरता कृत्रिम टैंक बना आकर्षण का केंद्र

**नागपुर.**

गणेशोत्सव के दस दिवसीय उत्सव का समापन भक्तिभाव और भव्यतेतह हुआ।

सेवादार प्रतिष्ठान की ओर से पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए फिरते कृत्रिम टैंक का आयोजन किया गया, जिससे नागरिकों को पर्यावरणपूरक गणेश विसर्जन की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

ढोल-ताशों की गूंज, भक्ति गीतों और उत्साहपूर्ण वातावरण में बड़ी संख्या में नागरिकों ने इस उपक्रम में भाग लिया। विसर्जन के पश्चात महाप्रसाद का भी वितरण किया गया। प्रतिष्ठान की अध्यक्ष कृतल पियुष आकरे ने नागपुर महानगरपालिका के सहयोग से इस अनोखी पहल का सफल आयोजन किया।

उनके इस जनहितकारी कार्य को नागरिकों का भरपूर समर्थन और उत्स्फूर्त प्रतिसाद प्राप्त हुआ। सभी उपस्थितों ने संकल्प लिया







कि भविष्य में भी पर्यावरणपूरक विसर्जन कर निसर्ग संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाएंगे। 'गणपती बाप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ!' के जयघोष के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# वाट्सएप-फेसबुक लिंक से रिटायर्ड व्यक्ति के साथ 46 लाख की ठगी

**नागपुर.**



शहर के गिट्टी खदान थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक रिटायर्ड व्यक्ति को ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाया। आरोपी ने व्हाट्सएप और फेसबुक पर फर्जी लिंक भेजकर 'प्रेमजी वीआईपी अलर्ट ग्रुप' नामक निवेश योजना में अधिक लाभ का लालच दिया।

पीड़ित मुस्ताक अहमद खान (60), निवासी रोज़ कॉलनी, जाफर नगर, ने आरोपी की बातों में आकर कुल 46 लाख 20 हजार रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर दिए।

जब पीड़ित ने मुनाफ़ा और मूल रकम वापस मांगी, तो आरोपी ने पैसे देने से इनकार कर दिया।

इसके बाद पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ।

फिर्यादी की शिकायत पर गिट्टी खदान पुलिस ने धोखाधड़ी की विविध धाराओं सहित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने 'प्रेमजी कंपनी' में निवेश करने पर अधिक लाभ का झांसा देकर विश्वासघात किया और बड़ी रकम हड़प ली।

फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# एन.सी.आई. में पूर्ण सुसज्जित प्रोस्थो-डेंटल प्रयोगशाला शुरू

**नागपुर.**

नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट (एन.सी.आय.), नागपुर को यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हेड एंड नेक कैंसर रोगियों के पुनर्वास की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक समर्पित दंत (प्रोस्थो डेंटल) प्रयोगशाला शुरू की गई है। इस प्रयोगशाला का उद्देश्य है— शल्य क्रिया पूर्व व पश्चात, और किरणोत्सर्ग पूर्व व पश्चात उपचार लेने वाले रोगियों में कार्यक्षमता, सौंदर्य, पोषण, आराम और आत्मविश्वास को पुनःस्थापित करना।

इस सुविधा का उद्घाटन एन.सी. आय. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं महासचिव शैलेश जोगलेकर और मेडिकल डायरेक्टर डॉ. आनंद पाठक के हाथों हुआ।

प्रयोगशाला का पर्यवेक्षण डॉ. मंजिरी चरपे और डॉ. दीपा बलवानी कर रही हैं। यह प्रयोगशाला सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडियोथेरेपी और प्रोस्थोडोंटिक्स विभागों के सहयोग से बहु विषयक पुनर्वास प्रदान करती है। हमारा मुख्य लक्ष्य मैक्सिलोफेशियल प्रोस्थेसिस और कैंसर पुनर्वास के लिए उत्कृष्टता का



केंद्र विकसित करना है।

**प्रयोगशाला में उपलब्ध सुविधाएं** : विभिन्न प्रकार के ऑब्चुरेटर्स : ऊपरी जबड़े में दोष होने के बाद वाणी, निगलना, चबाना जैसी क्रियाओं को पुनःस्थापित करते हैं और शल्य क्रिया के बाद की जटिलताओं को कम करते हैं।

**गाइडिंग फ्लैंज प्रोस्थेसिस** : निचले जबड़े की गति और चबाने की क्षमता में सुधार करने में मदद करता है।

टिश्यू ट्रैक्शन डिवाइस : उपचार के दौरान स्वस्थ ऊतकों को बिखरी हुई किरणों के दुष्प्रभाव से बचाता है।

स्प्लिंट्स, पीएमएमए क्राउन आदि: विभिन्न परिस्थितियों में रोगियों के स्वास्थ्य और जीवन-स्तर को सुधारने में सहायक। विशेष प्रोस्थेसिस उपलब्ध करा कर यह प्रयोगशाला रोगियों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने, मानसिक-सामाजिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और शीघ्र पुनर्वास को प्रोत्साहित करने का प्रयास करती है।

यह पहल हेड एंड नेक कैंसर रोगियों की समग्र देखभाल की दिशा में एक कदम आगे है, ताकि उन्हें केवल शल्यक्रिया और औषधीय उपचार ही नहीं, बल्कि आवश्यक प्रोस्थो कॉन्टिन पुनर्वास भी उपलब्ध हो सके।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 590-4 | 660-2 |
| श्रीदेवी नाईट | 115-7 | 467-7 |

# एनसीपी की बैठक में अन्य दलों के कार्यकर्ता हुए शामिल

**नागपुर.**

एनसीपी के असंगठित वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग का कार्यकारिणी कार्यक्रम हाल ही में नागपुर में उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ।

बैठक में पार्टी के निरीक्षक राजेंद्र जैन भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम की खासियत यह रही कि इस बैठक के दौरान कई अन्य दलों के कार्यकर्ता एनसीपी में शामिल हुए और कुछ नए पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की गई। इसी दिन, उत्तर नागपुर के दिनेश रोडगे द्वारा नवनियुक्त शहर अध्यक्ष अनिल अहिरकर और निरीक्षक राजेंद्र जैन के लिए एक भव्य अभिनंदन समारोह और बैठक का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनसीपी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में बोलते हुए,




निरीक्षक राजेंद्र जैन ने एनसीपी के लक्ष्यों और नीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने असंगठित श्रमिकों और अल्पसंख्यक समुदायों के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की।

उन्होंने अन्य दलों से पार्टी में आए कार्यकर्ताओं का भी स्वागत किया। अपने भाषण में, नवनियुक्त शहर अध्यक्ष अनिल अहिरकर ने सभी को एकजुट होकर काम करने और नागपुर शहर में पार्टी को मजबूत बनाने का आश्वासन दिया। उन्होंने पार्टी में शामिल हुए सभी नए सदस्यों का स्वागत किया और विश्वास व्यक्त किया कि उनके सहयोग से पार्टी नई ऊंचाइयों को छुएगी।

इस सभा ने पार्टी कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार किया है और यह देखा गया है कि नागपुर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ताकत बढ़ी है। कार्यकारी अध्यक्ष श्रीकांत शिवणकर और उनके सहयोगियों ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए कड़ी मेहनत की।

सभा के अंत में उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सुनीता येरने, लालाभाई चौबे, विशाल खांडेकर, प्रशांत पवार, तानाजी वनवे, हाजी सोहेल पटेल, बजरंग सिंह परिहार, दिलीप पंकुले, जानबा मस्के, मुनाफ बंदुकिया, मेहबूब पठान, मुमताज बाजी, कल्ला नायक, राकेश घोसीकर, विवेक वानखेड़े, एकनाथ फाल्के, सोनू पंडित, मोसिन शेख, विशाल गोंडाने, संदेश खोबरागड़े, विशाल शेलारे, रोहन नागपुरे, राज साखरे, जाफर कुरैशी, और अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।